<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 19.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्य में भारी बारिश से तबाही, खूंटी में पुल ध्वस्त, सरायकेला में टायो रोल कंपनी की जर्जर आवासीय इमारत गिरी, चक्रधरपुर रेल मंडल की 20 ट्रेने रद्द।
- नीट पेपर लीक मामले में इडी की रांची में छापेमारी, अवैध कमाई और पैसे के लेनदेन का पता लगाने में जुटी केन्द्रीय जांच एजेंसी।
- केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के रांची दौरे का आज आखिरी दिन, केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र के 61वें स्थापना दिवस पर मेरा रेशम–मेरा अभिमान मिशन की शुरुआत की।
- झारखंड की युवा कवियित्री डा. पार्वती तिर्की को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, हिन्दी काव्य संग्रह–फिर उगना–के लिए मिला सम्मान।
- कन्याकुमारी में आयोजित राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड प्रतियोगिता में झारखंड को रजत पदक, जमशेदपुर स्थित सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस की उपासना कुमारी ने दिलायी सफलता।

***************************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के कारण राज्य के नदी–नालों के साथ ही जलप्रपातों का जलस्तर बढ़ गया है। रांची में कई स्थानों पर जलजमाव के कारण आवागमन पर असर पड़ा है। मौसम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग की चेतावनी के मद्देनजर रांची में आज सभी स्कूलों को बंद रखा गया है। इधर रांची– सिमडेगा सड़क मार्ग स्थित बनई नदी पर पेलौल पुल धराशायी हो गया है। पुल के धंसने से वाहनों की आवाजाही ठप हो गयी है। उधर, सरायकेला–टाटा मुख्य मार्ग पर कोलाबिरा अंडरपास में जल जमाव के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हो गया है। सरायकेला में ही टायो रोल कंपनी की एक जर्जर आवासीय इमारत अत्यधिक वर्षा से गिर गई है। टाटा स्टील ने बयान जारी कर कहा है कि पहले ही इमारत को खाली कर दिया गया था।

***************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी भारी बारिश की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिले की सभी नदियां उफनाई हुई हैं और मुफासिल इलाकों में आवागमन भी प्रभावित हुआ है। खरकई, संजय और अन्य नदी–नाले जहां खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं, वहीं अन्य जलाशय एवं जल प्रपात भी उफनाए हुए दिख रहे हैं। प्रसिद्ध हिरनी जल प्रपात का भी रूप विकराल हो चुका है। इधर रेल प्रशासन ने यार्डों में जल जमाव को देखते हुए चक्रधरपुर रेल मंडल की 20 यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है। 8 एक्सप्रेस ट्रेनों को बदले हुए मार्ग से गंतव्य की ओर भेजा जा रहा है जबकि 6 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेटेड किया गया है।

***************************

चक्रधरपुर मण्डल के अंतर्गत टाटानगर रेलवे स्टेशन–यार्ड में अत्यधिक जलजमाव की वजह से रांची रेल मण्डल से परिचालित रांची–हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित मार्ग कोटशीला–पुरुलिया–टाटानागर–खड़गपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशीला– राजाबेडा – चंद्रपुरा – भोजूडीह – आद्रा – मेदिनीपुर – खड़गपुर होकर चलेगी।

***************************

उधर, बोकारो में आज सुबह से लगातार बारिश हो रही है। एहतियात के तौर पर प्रारंभिक और माध्यमिक विद्यालयों को बंद रखा गया है। इस बीच बारिश के कारण कई इलाकों की जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गयी है। चास नगर निगम क्षेत्र में कई घरों में बारिश का पानी घुस गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर जलजमाव के कारण कई हादसे भी हो चुके हैं।

***************************

हजारीबाग में भी भारी बारिश और जलजमाव के कारण जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। कुछ क्षेत्रों में नदी का पानी सड़कों पर भी बह रहा है।

***************************

नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में इडी ने रांची में दबिश दी है। सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय जांच एजेंसी बरियातू में नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार हुए मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के रिश्तेदार के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी नीट पेपर लीक मामले में हुई मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर की जा रही है। सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के आधार पर ईसीआईआर तैयार करने के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। ईडी अब यह पता लगाने में जुटी है कि पेपर लीक से कितनी अवैध कमाई हुई और पैसे का लेनदेन किस तरह से किया गया।

***************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************************

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के रांची दौरे का आज दूसरा और आखिरी दिन हैं। दौरे के अंतिम दिन वे केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र के 61वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हो रहे हैं। स्थापना दिवस समारोह का उदघाटन करने के बाद उन्होंने रांची से मेरा रेशम–मेरा अभिमान मिशन की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने रेशम को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

***************************

राज्य की युवा कवयित्री डा. पार्वती तिर्की को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह सम्मान उन्हें उनकी कविता संग्रह –फिर उगना– के लिए दिया जा रहा है।

***************************

आज विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस है। यह अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता दिवस हर साल मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य सिकल सेल रोग के बारे में लोगों की जानकारी और समझ बढ़ाना तथा रोगियों, उनके परिवारों और देखभाल करने वालों द्वारा अनुभव की जाने वाली चुनौतियों से निपटना है। रांची समेत राज्य में इस खास दिवस पर जागरुकता के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित बच्चों और युवाओं से संवाद करेंगे।

***************************

रांची जिला प्रशासन ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष पहल शुरू की है। इसके तहत साप्ताहिक मुलाकात कार्यक्रम में जनता के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का हल निकाला जा रहा है।

***************************

भारतीय शेयर बाजार आज सवेरे लगभग सपाट कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स 5 अंक की बढ़त के साथ 81 हजार 4 सौ 50 अंक पर कारोबार कर रहा है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 7 अंक की बढ़त के साथ 24 हजार 8 सौ 19 अंक पर पहुंच गया है।

***************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चौदह हजार रुपये प्रति किलो है।

***************************

तमिलनाडु के कन्याकुमारी में 15 से 18 जून तक छठी से आठवीं कक्षा तक के लिए आयोजित राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड प्रतियोगिता में झारखंड को रजत पदक मिला है। जमशेदपुर के साकची स्थित सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस की उपासना कुमारी ने पदक हासिल कर राज्य का नाम रौशन किया।

*********************